महत्वपूर्ण एवं खास

सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का बने उप निरीक्षक, पुलिस अधीक्षक ने लगाया स्टार

रायगढ़। जिले में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार एक्का को आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदोन्नति प्रदान की गई। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने विजय कुमार एक्का के कंधों पर उप निरीक्षक का स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी। गौरतलब है कि 20 जनवरी 2025 को पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा सहायक उप निरीक्षकों की पदोन्नति सूची जारी की गई थी, जिसमें विजय कुमार एक्का का भी नाम शामिल था। वर्तमान में वे थाना पूंजीपथरा में पदस्थ हैं। पदोन्नति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उन्हें जिम्मेदारी का बोध कराते हुए पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं।

12 वीं बोर्ड: विभिन्न विषयों की परीक्षा संपन्न

2695 परीक्षार्थी में 47 रहे अनुपस्थित

रायगढ़। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 6 मार्च को विभिन्न विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 2 हजार 695 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 2 हजार 648 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इतिहास विषय की परीक्षा में 793 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 773 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह व्यवसाय अध्ययन विषय की परीक्षा में 1643 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1623 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित विषय की परीक्षा में 243 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 236 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आहार एवं पोषण विषय की परीक्षा में 16 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से सभी 16 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई।

कोतरलिया-जामगां सेक्सन के बीच चौथी लाईन कार्य के कारण लेवल क्रांसिंग गेट सड़क यातायात के लिए 7 मार्च को रहेगी बंद

रायगढ़। कार्यपालन अभियंता निर्माण द.पू.म.रेलवे ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतरलिया-जामगां सेक्शन के बीच कि.मी.568/17-19 (एलसी संख्या-281)पर जामगा लेवल क्रांसिग गेट पर चौथी लाईन ट्रैक की ऊंचाई गेज फिक्सिंग और रोड रीग्रेडिंग का काम 7 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाना है। जिसके लिए लेवल क्रॉसिंग गेट सड़क यातायात के लिए 7 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा।

आमाबेड़ा क्षेत्र से एनआईए ने किया 4 लोगों को गिरफ्तार

कांकेर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों में अंतागढ़ जनपद के निवर्तमान उपाध्यक्ष भी शामिल हैं। उनसे नक्सल नेटवर्क और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, एनआईए की यह कार्रवाई नक्सल नेटवर्क को तोडऩे और उससे जुड़े संदिग्धों की जांच के तहत की जा रही है। एजेंसी लगातार बस्तर क्षेत्र में सक्रिय है और इससे पहले भी नक्सल फंडिंग मामलों में कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। 28 फरवरी 2025: छत्तीसगढ़ नक्सल फंडिंग केस में मूलवासियों बचाओ मंच के प्रमुख रघु मिडियामी को एनआईए ने गिरफ्तार किया था। नवंबर 2023: पुलिस ने 6 लाख रुपये नकद के साथ दो ओवरग्राउंड वर्करों को गिरफ्तार किया था, जो माओवादियों के लिए फंड जुटाने का काम कर रहे थे।

तेज रफ्तार एक्सयूवी ट्रक से भिड़ी, पांच की मौत

आरंग-रायपुर (आरएनएस)। नेशनल हाईवे 53 पर आज एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया. तेज रफ्तार एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर ट्रक से टकरा गई. इस हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं. यह घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के उमरिया के पास हुई है.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है. क्रेन की मदद से शवों को निकाला जा रहा है. हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं. दुर्घटनाग्रस्त एक्सयूवी कार का नंबर सीजी 04 एनक्यू 5063 है.शव के शत-विक्षत होने से अभी तक मृतकों की शिनाख्ती नहीं हो पाई है. कार के टायर फटने से दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है.

महिला सशक्तिकरण अभियान

सुरक्षा जागरूकता और गोद भराई रस्म के साथ महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का हुआ विशेष आयोजन

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, उप पुलिस अधीक्षक उन्नति ठाकुर के मार्गदर्शन पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला पुलिस महिला सेल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को थाना पूंजीपथरा अंतर्गत ग्राम सराईपाली में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी देना था।

महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी चैताली राय और महिला सेल प्रभारी उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और महिला उत्पीड़न से बचाव के कानूनी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 'अभिव्यक्ति' ऐप के उपयोग को समझाते हुए बताया कि यह ऐप महिलाओं को किसी भी संकट की स्थिति में सीधे पुलिस सहायता प्राप्त करने की सुविधा देता है। इसके अलावा, डायल 112 हेल्पलाइन और 181 महिला हेल्पलाइन के महत्व पर भी चर्चा की गई, जो आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकार, बाल विवाह निषेध कानून, और घरेलू हिंसा से सुरक्षा जैसे विषयों पर भी जागरूकता बढ़ाई गई।

इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी आयोजित की गई, जिसमें उन्हें पौष्टिक आहार किट और उपयोगी प्रसाधन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और अपनी समस्याएं साझा कीं। आयोजकों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और किसी भी प्रकार के शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्राओं को दी गई सुरक्षा और आत्मरक्षा की जानकारी

रायगढ़। पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास और जिला पुलिस महिला सेल द्वारा इस अभियान के अंतर्गत आज 6 मार्च 2025 को स्वामी आत्मानंद शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला, घरघोड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर डीएसपी उन्नति ठाकुर ने छात्राओं को 'गुड टच-बैड टच' और पॉक्सो एक्ट की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने शिक्षा के अधिकार, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, नशे से बचाव, स्वास्थ्य जागरूकता, करियर मोटिवेशन और यातायात नियमों के प्रति छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने छात्राओं को ऑनलाइन सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी चैताली राय और महिला सेल प्रभारी उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही, उन्हें आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए। उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने 'अभिव्यक्ति' ऐप के उपयोग के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे छात्राएं इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पुलिस से त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पुलिस महिला सेल और सखी सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण मिलता रहे। इस पहल से न केवल छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति अधिक सजग होंगी।

गैर संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए 20 फरवरी से 31 मार्च तक चलेगा विशेष जांच अभियान

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी डॉ. केनन डेनियल, डॉ सुमित मंडल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा के संचालन में जिला सलाहकार सीमा बरेठ द्वारा गैर संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण हेतु 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के लिए गहन विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा।

गैर संचारी रोग एक ऐसी बीमारी या स्वास्थ्य समस्या के रूप में फैल रही है। राष्ट्रीय कार्यक्रम गैर संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु की आबादी की सामान्य गैर संचारी रोगो जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा मौखिक, स्तन और गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के लिये जांच की जानी है। जिस हेतु समस्त विकासखंड के उप.स्वा.केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिरो, सामु.स्वा.केंद्र,एन.सी.डी.क्लीनिकों और सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में सभी सी.एच.ओ जनसंख्या आधारित जांच के साथ-साथ 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के जांच सुनिश्चित करने एवं एनपी एनसीडी पोर्टल पर डेटा रिर्पोटिंग सुनिश्चित करने करने के निर्देश दिए गए है, ताकि नियमित समीक्षा और स्क्रीनिंग, उपचार की जा सकें।

ट्रांसफार्मर पर चढ़ा व्यक्ति, डायल 112 की तत्परता से सुरक्षित बचाव

रायगढ़



भूपदेवपुर क्षेत्र के चपले मार्ग पर बुधवार सुबह एक व्यक्ति के ट्रांसफार्मर पर चढ़ने की सूचना पर डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित बचा लिया। सुबह करीब 11 बजे डायल 112 को घटना की जानकारी मिलते ही आरक्षक सुरेश सिदार और पवन डनसेना मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद बिजली ऑपरेटर प्रेम यादव और दीपक पटेल ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति अचानक ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया था, जिसे देखते हुए उन्होंने तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद कर दी और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, वह व्यक्ति ट्रेन से उतरा और दौड़ते हुए ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। उसकी हरकतों को देखकर उसकी मानसिक स्थिति असामान्य प्रतीत हो रही थी। डायल 112 टीम और स्थानीय लोगों ने काफी प्रयासों के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा। जब आरक्षक सुरेश सिदार ने उससे बातचीत की, तो उसने अपना नाम मनोहर लोहारा (52), निवासी दतिया, जिला गुमला, झारखंड बताया। बातचीत में मनोहर सामान्य लगा और उसने बताया कि वह ट्रेन से अपने घर जा रहा था, लेकिन चपले के पास ट्रेन रुकने पर नीचे उतरा और ट्रेन छूट गई।

मनोहर ने यह भी बताया कि वह कई दिनों से भूखा था, जिस पर डायल 112 टीम ने उसे भोजन कराया और नए कपड़े उपलब्ध कराए। आरक्षक ने उसके परिवारजनों से संपर्क कर उन्हें सूचना दी, जिसके बाद वे उसे लेने रायगढ़ आने के लिए रवाना हुए। थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक सीताराम ध्रुव द्वारा उसे घर तक पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था कराई गई। बाद में पत्थलगांव में मनोहर को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

डायल 112 स्टाफ और पुलिस की मानवीय पहल से न केवल एक अनहोनी टली बल्कि जरूरतमंद व्यक्ति को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया गया, जिससे समाज में पुलिस की संवेदनशीलता और सेवा भाव का परिचय मिला।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'लू' पर अलर्ट जारी

रायगढ़

इस साल मार्च माह से ही छ.ग. सहित अन्य राज्यों में सामान्य से अधिक तापमान में वृद्धि होने से लू लगने की संभावना भी अधिक होती है। जिसके फलस्वरूप स्वास्थ्य विभाग ने लू पर अलर्ट जारी किया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल जगत ने लोगों को लू से बचाव के लिए सतर्कता बरतने एवं प्रारंभिक उपचार के बारे में जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि घर पर भी प्रारंभिक उपचार की जा सकती है, जैसे तेज बुखार आने पर सिर में ठंडे पानी की पट्टी लगाएं, पानी व तरल पदार्थ अधिक लें, फिर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लू के मरीजों के लिए उपचार की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओरल रिहाईड्रेशन थेरेपी कार्नर की स्थापना की गई है।

लू के लक्षण

जिला नोडल अधिकारी डॉ.सुमीत के. मंडल ने बताया कि तेज धूप के कारण लू की आशंका ज्यादा हो जाती है। लू के कारण अगर शरीर का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाये तो कभी-कभी ये जानलेवा भी हो सकती है। उन्होने लू के लक्षण के बारे में बताया कि तेज बुखार, चक्कर आना, सिरदर्द एवं भारीपन, उल्टी आना, मुंह सूखना, शरीर में पसीना न आना, भूख कम लगना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, पेशाब कम एवं पीला आना आदि लू के प्रारंभिक लक्षण होते हैं।

बचाव के उपाय

स्वास्थ्य विभाग के महामारी नियंत्रण इकाई की एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. कल्याणी पटेल ने अपील की है कि लू के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी एवं सावधानी रखने से काफी हद तक लू के चपेट से बचा जा सकता है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप व शरीर में पानी की कमी है। सामान्यत: दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप तेज होती है। इस दौरान संभव हो सके तो धूप में जाने से बचे। धूप में जाना आवश्यक हो तो सिर और कानों को कॉटन (सूती) के कपड़े से अच्छी तरह ढंक लें और पानी अधिक मात्रा में पियें। खाने में फल, जूस, दही एवं अन्य तरल पदार्थों आदि भी अधिक से अधिक मात्रा में शामिल करें।

मार्च में मई-जून का अहसास, अचानक बिगड़ने लगी सेहत

रायपुर (आरएनएस)। मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच अचानक गर्मी बढऩे से लोगों की तबीयत बिगडऩे लगी है। सप्ताहभर से पेट दर्द, लूज मोशन, डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं के मरीज 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में मौसमी बीमारी की परेशानी लेकर मरीज पहुंचने लगे हैं। फरवरी के अंतिम दिनों से राजधानी में गर्मी बढऩे लगी है और अभी दिन की तेज धूप लोगों को बीमार करने के लायक हो चुकी है। चिकित्सकों के अनुसार, लोग ठंडकता भरे मौसम के आदी हो चुके थे, फिर अचानक गर्मी बढऩे से लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ा है। दोपहर को धूप के सीधे संपर्क में आने की वजह से लोगों में सिरदर्द की परेशानी बढ़ी है। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी होने के वजह से भी लोग डिहाईड्रेड होकर दूसरी तकलीफों के साथ अस्पताल पहुंचने लगे हैं। चिकित्सकों के अनुसार लोगों को पेट से संबंधित तकलीफ भी होने लगी है और लूज मोशन, पेट में ऐंठन जैसी शिकायतों की भरमार होने लगी है। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डाक्टरों के पास इस तरह के मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। डाक्टरों के मुताबिक विभाग में सामान्यत: ओपीडी दो से ढाई सौ की होती है, जिसमें 20 प्रतिशत मरीज मौसमी बीमारी से संबंधित हैं।

गर्मी में बढ़ जाता है बैक्टीरिया- चिकित्सकों के मुताबिक पेट से ज्यादातर समस्या प्रदूषित पानी की वजह से होती है। गर्मी के दिन में बैक्टीरिया बढऩे की आशंका अधिक होती है, जिससे पेट खराब होने की दिक्कतें आने लगती है। पिछले दिनों लभांडी के संकल्प वाटिका फेस-2 में गंदे पानी की वजह से लोगों के बीमार होने की शिकायत बढ़ गई थी।

छत्तीसगढ़ सरकार की शासकीय सेवकों को सौगात

महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत किए जाने का आदेश जारी

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते को 53 प्रतिशत किए जाने की अपनी घोषणा को पूरा करके राज्य के लाखों शासकीय सेवकों को होली पर्व से पूर्व सौगात दी है। यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने 3 मार्च को विधानसभा में वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट में शासकीय सेवकों को 53 प्रतिशत डीए किए जाने की घोषणा की थी। उक्त घोषणा के परिपालन में शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में वृद्धि किए जाने का आदेश वित्त विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करके 53 प्रतिशत किए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है। सातवें वेतनमान में कार्यरत कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, अब उन्हें 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा, जबकि छठवें वेतनमान के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, अब उन्हें 246 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा। यह वृद्धि 1 मार्च 2025 से प्रभावी होगी और इसका भुगतान मार्च 2025 के वेतन के साथ अप्रैल माह में किया जाएगा।

शासन की योजना, कृषि में उन्नत तकनीक ने बदली डोल नारायण पटेल का जीवन

- तीन एकड़ खेत में मल्टी क्रॉप लेकर बने सफल किसान, 32 लाख के हार्वेस्टर से लेकर कार के भी है मालिक
- कृषक उन्नति योजना से मिला 80 हजार रुपये, कार की लोन किस्त में हुई आसानी

रायगढ़

शासन की योजना, मेहनत और उन्नत तकनीक से कृषि के साथ कृषक की तस्वीर बदलते देर नहीं लगती, ऐसी ही कहानी है लैलूंगा के रहने वाले किसान डोल नारायण पटेल की। जिन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर कड़ी मेहनत के साथ उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से खेती को लाभदायक व्यवसाय में बदला है। जिसके फलस्वरूप आज कृषक पटेल 32 लाख के हार्वेस्टर, ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर, स्प्रिंकलर सिस्टम जैसे उन्नत कृषि उपकरण सहित कार के मालिक है।

डोल नारायण पटेल कहते है कि शासन की योजनाएं लोगों का जीवन बदल रही है। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेते हुए खेती में नवाचार किया। पटेल बताते है उनके पास तीन एकड़ कृषि भूमि है, जहां वे खरीफ सीजन में कतार विधि से धान की खेती करते हैं। इसके अलावा वे एक एकड़ में मिर्च और एक एकड़ में भिंडी की खेती भी कर रहे हैं। पहले वे परवल की खेती करते थे, लेकिन अब उन्होंने इसे बदलकर व्यावसायिक दृष्टि से मिर्च की खेती शुरू की है।

वे कृषि में शासन की विभिन्न योजनाओं का भी पूरा लाभ उठा रहे हैं। उन्हें कृषि विभाग के सहयोग से पावर टीलर, स्प्रिंकलर सिस्टम, हाईब्रिड धान बीज और उन्नत कृषि उपकरणों में अनुदान मिला है। पहले वे बैल से खेती करते थे, लेकिन अब उन्नत तकनीकों को अपनाकर आज सफल किसान बन चुके है और कृषि क्षेत्र में विस्तार कर रहे है। उन्होंने बताया कि फसलों के लिए बाजार की समस्या नहीं होती। उनका खेत मुख्य सड़क से लगा हुआ है, जिससे व्यापारी स्वयं ही उनकी फसल खरीदने पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीक, मेहनत और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग करके कोई भी किसान खेती से अच्छी कमाई कर सकता है।

कृषक उन्नति योजना से मिला 80 हजार रुपये, कार के लोन चुकता करने में हुई सहूलियत

श्री पटेल ने पिछले वर्ष 52-55 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था, जिसमें उन्हें लगभग 38-40 हजार रुपये मिले थे। इसी तरह इस वर्ष भी उन्होंने 40 हजार रुपये प्राप्त हुआ। उन्हें यह राशि कृषक उन्नति योजना के तहत मिली, जिसमें शासन समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान पर प्रति क्विंटल अंतर राशि का भुगतान करती है। इस योजना से उन्हें कुल 80 हजार रुपये की राशि मिली। जिसे पटेल ने अपनी अर्टिगा कार के बैंक लोन की किश्त चुकाने में उपयोग किया।

उन्नत तकनीक के खेती से लाखों की हो रही कमाई, खरीदा खुद का हार्वेस्टर मशीन

कृषि कार्य में सफलता मिलने के बाद डोल नारायण पटेल ने 32 लाख रुपए का हार्वेस्टर मशीना खरीदा। जिससे उन्होंने पिछले खरीफ सीजन में अपने हार्वेस्टर से 400 घंटे तक कटाई का काम किया, जिससे उन्होंने अच्छा मुनाफा कमाया। उनके पास चार पशु (दो बैल और दो गाय) भी हैं, जिनसे वे गोबर खाद बनाकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। वे खेती के लिए जैविक खाद और उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग भी कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480